

नवभारत
भोपाल, सोमवार 25 मई, 2026

# नवतपा की तपिश शुरू, गर्मी और बढ़ने के आसार

**खास बातें**
- लाइन पार के कई क्षेत्रों में नहीं पहुंच रहा पेयजल
- इधर धूल दबाने में बहाया जा रहा नपा का पानी





**नवभारत न्यूज**
**विदिशा 24 मई, सोमवार से नवतपा की शुरुआत होते ही भीषण गर्मी ने अपने तेवर दिखाने शुरू कर दिए हैं. मौसम विभाग के अनुसार आगामी दिनों में तापमान और बढ़ने की संभावना है. तेज धूप और लू के बीच शहर के कई इलाकों में पेयजल संकट गहराता जा रहा है. विशेषकर लाइन पार के अनेक क्षेत्रों में लोगों को पर्याप्त पानी नहीं मिल पा रहा और नागरिक घंटों पानी आने का इंतजार करने को मजबूर हैं.**

शहरवासियों का कहना है कि कई वार्डों में पानी की सप्लाई समय पर नहीं हो रही. कहीं कम प्रेशर की समस्या बनी हुई है तो कहीं टंकियों तक पर्याप्त मात्रा में पानी नहीं पहुंच पा रहा. गर्मी बढ़ने के साथ पानी की मांग लगातार बढ़ रही है, लेकिन व्यवस्था पहले से ही चरमराई हुई नजर आ रही है.

### धूल दबाने में खर्च हो रहा पानी

इधर शहर में सड़क खुदाई और निर्माण कार्यों के कारण उड़ रही धूल को दबाने के लिए नगर पालिका का पानी खुलेआम सड़कों पर बहाया जा रहा है. इससे लोगों में नाराजगी बढ़ती जा रही है. नागरिकों का आरोप है कि एक ओर मोहल्लों में पीने के पानी के लिए मारामारी मची हुई है, वहीं दूसरी ओर हजारों लीटर पानी धूल दबाने में खर्च किया जा रहा है.स्थानीय रहवासियों ने प्रशासन और नगर पालिका से मांग की है कि नवतपा के दौरान पेयजल आपूर्ति को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए. लोगों का कहना है कि पहले घरों तक नियमित और पर्याप्त पेयजल पहुंचाया जाए, उसके बाद अन्य कार्यों में पानी का उपयोग किया जाए.

### आंदोलन की चेतावनी

नागरिकों ने चेतावनी दी है कि यदि आने वाले दिनों में पानी की समस्या का समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन और विरोध प्रदर्शन किया जा सकता है. उनका कहना है कि भीषण गर्मी के बीच पेयजल संकट लोगों के लिए गंभीर परेशानी बनता जा रहा है, जिस पर प्रशासन को तत्काल ध्यान देना चाहिए.

# भोरघाट क्षेत्र में दबिश देकर 1.56 लाख का मशरूका जप्त

**जुआ खेलते 7 आरोपी गिरफ्तार,मोबाइल और एक्टिवा भी बरामद**



**नवभारत न्यूज**
**विदिशा 24 मई. जिले में जुआ, सट्टा एवं अन्य अवैध गतिविधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना सिविल लाइन पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 7 आरोपियों को गिरफ्तार किया है. पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से मोबाइल फोन, एक्टिवा स्कूटी एवं नगदी सहित करीब 1 लाख 56 हजार 100 रुपए का मशरूका जप्त किया है.**

जानकारी के अनुसार 23 मई 2026 को थाना सिविल लाइन पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई थी कि भोरघाट के पास सेठिया बाईपास रोड स्थित खाली स्थान पर बिजली के खंभे के नीचे कुछ लोग जुआ खेल रहे हैं. सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की और दबिश देकर आरोपियों को जुआ खेलते हुए पकड़ लिया.पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 7 मोबाइल फोन, अनुमानित कीमत ?90 हजार, 1 एक्टिवा स्कूटी, अनुमानित कीमत 40 हजार, नगदी राशि 26,100, जप्त की है. कुल जप्त मशरूका लगभग 1.56 लाख 100 रुपए आंका गया है.

### इन आरोपियों को किया गिरफ्तार

पुलिस ने कार्रवाई के दौरान राहुल खटीक पिता रमेश कुमार खटीक निवासी रायपुर स्कूल के पास, कोतवाली विदिशा, राशिद खान पिता अब्दुल हफीज खान निवासी पड़ी स्कूल खाई, कोतवाली विदिशा, दीपू उर्फ दीपेंद्र पिता हरि सिंह राजपूत निवासी बंटी नगर मंदिर के सामने, विदिशा, अजय कुशवाहा पिता हरिप्रसाद कुशवाहा निवासी टीलापुरा थाना बेरसिया, भोपाल, रवि सैनी पिता हरि नारायण सैनी निवासी माता वाली गली निकासा, कोतवाली विदिशा,धर्मेंद्र कुशवाहा पिता भी सिंह निवासी चौकड़ बाजार, बेरसिया भोपाल को गिरफ्तार किया.सभी आरोपियों के विरुद्ध थाना सिविल लाइन में अपराध क्रमांक 360/26 के तहत धारा 13, 112(1) बीएनएस के अंतर्गत प्रकरण दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी गई है.

## बस का फिटनेस निरस्त, 24 वाहनों पर चालानी कार्रवाई

**नवभारत न्यूज**
**विदिशा.** परिवहन आयुक्त के निर्देशों के पालन में जिला परिवहन विभाग द्वारा जिले में यात्री बसों एवं अन्य वाहनों के विरुद्ध विशेष जांच अभियान चलाया जा रहा है. अभियान के तहत जिला परिवहन अधिकारी गिरिजेश वर्मा के नेतृत्व में ग्यारसपुर, गंजबासौदा, कुरवाई एवं अशोकनगर रोड पर वाहनों की सघन जांच की गई .जांच अभियान के दौरान कुल 24 वाहन नियमों का उल्लंघन करते पाए गए, जिनके विरुद्ध चालानी कार्रवाई की गई. इनमें से 15 वाहनों से कुल 1 लाख 28 हजार रुपए का शमन शुल्क वसूला गया.परिवहन विभाग के अनुसार इस राशि में 8 यात्री बसों से वसूला गया 24 हजार रुपए का शमन शुल्क भी शामिल है.कार्रवाई के दौरान विभिन्न अनियमितताओं के चलते 9 वाहनों को जब्त किया गया. जब्त किए गए वाहनों को पुलिस थाना ग्यारसपुर, कुरवाई, करारिया एवं जिला परिवहन कार्यालय में सुरक्षार्थ रखा गया है.परिवहन विभाग का कहना है कि यात्री सुरक्षा एवं सड़क सुरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित करने के लिए आगे भी इस प्रकार की जांच और कार्रवाई लगातार जारी रहेगी.

## बाइक को बचाने में पलटा सीएनजी का टैंकर

**सीहोर 24 मई.** जिला मुख्यालय के पास कोनाझिर टोल प्लाजा के समीप शनिवार दोपहर एक बड़ा सड़क हादसा हो गया. इछावर से रिफिल होकर सीहोर की ओर आ रहा गेल इंडिया कंपनी का सीएनजी से भरा टैंकर बाइक सवार को बचाने के प्रयास में अनियंत्रित होकर पलट गया. हादसे के बाद टैंकर से गैस का रिसाव शुरू हो गया, जिससे क्षेत्र में हड़कंप की स्थिति बन गई. वहीं टैंकर की चपेट में आने से बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है. घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासनिक अमला मौके पर पहुंच गया.

# संत सुरक्षा एवं न्याय के समर्थन में देशव्यापी मौन आंदोलन आज

**नवभारत न्यूज**
**विदिशा. संत शिरोमणि आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज एवं आचार्य श्री समय सागर महाराज के आशीर्वाद से निर्यापक मुनि श्री अभयसागर महाराज संघस्थ मुनि श्री उद्यमसागर महाराज, मुनि श्री गरिष्ठ सागर महाराज एवं मुनि श्री हीरक सागर महाराज ससंघ के सानिध्य में तथा विधानाचार्य संजीव भैया कटंगी के निर्देशन में विश्वशांति हेतु अष्ट दिवसीय श्री सिद्धचक्र महामंडल विधान का आयोजन 26 मई मंगलवार से 2 जून मंगलवार तक श्री शांतिनाथ जिनालय स्टेशन जैन मंदिर में किया जाएगा.**

यह आयोजन श्री सकल दिगम्बर जैन समाज समिति एवं श्री शीतलविहार न्यास की नवीन समिति द्वारा संपन्न कराया जाएगा. राष्ट्रीय प्रवक्ता अविनाश जैन विद्यावाणी ने बताया कि प्रतिदिन कार्यक्रम प्रातः 5.45 बजे मंगलाष्टक के साथ प्रारंभ होंगे. विधान के मध्य प्रातः 8.30 से 9.30 बजे तक मंगल प्रवचन होंगे तथा सायंकाल 7.30 बजे मंगल आरती एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे.

### दूसरों को नीचा दिखाकर स्वयं ऊंचा नहीं उठा जा सकता

रविवार को आयोजित प्रातःकालीन धर्मसभा में सम्यग्ज्ञ पाठशाला सहित विभिन्न पाठशालाओं के बच्चे, शिक्षिकाएं एवं महिला मंडल की सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहीं. इस अवसर पर मुनि श्री उद्यमसागर महाराज ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ पुण्य का अर्जन भी आवश्यक है. यदि जीवन में पुण्य की संयोग होता है तो कम परिश्रम में भी श्रेष्ठ परिणाम प्राप्त होते हैं.

## पेयजल व्यवस्था एवं जल संरक्षण कार्यों की हुई समीक्षा

**नवभारत न्यूज**
**विदिशा,** जिला जल एवं स्वच्छता मिशन की समीक्षा बैठक आज प्रभारी कलेक्टर अनिल कुमार डामोर की अध्यक्षता में आयोजित की गई थी. बैठक में जल जीवन मिशन अंतर्गत संचालित योजनाओं की जनपदवार एवं उपयंत्रीवार प्रगति की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए. बैठक में पूर्ण, प्रगतिरत, घोषित, हस्तांतरित एवं प्रमाणीकृत योजनाओं की स्थिति पर विस्तार से चर्चा की गई. प्रभारी कलेक्टर डामोर ने निर्देश दिए कि पूर्ण हो चुकी योजनाओं का हस्तांतरण तथा हस्तांतरित योजनाओं का प्रमाणीकरण कार्य प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूर्ण किया जाए. प्रगतिरत नल-जल योजनाओं में शेष घरेलू नल कनेक्शनों की जानकारी लेकर कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए गए. ग्रीष्म ऋतु को ध्यान में रखते हुए जिले की पेयजल व्यवस्था की भी समीक्षा की गई.

# 12 सत्रों के साथ भाजपा का जिला प्रशिक्षण वर्ग संपन्न



**दो दिवसीय वर्ग में कार्यकर्ताओं को दी गई विचारधारा और संगठन की जानकारी**

**नवभारत न्यूज**
**विदिशा. पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान के तहत भारतीय जनता पार्टी का दो दिवसीय जिला स्तरीय प्रशिक्षण वर्ग विदिशा में संपन्न हुआ. प्रशिक्षण वर्ग में पार्टी की रीति-नीति, कार्यशैली एवं विचारधारा को आत्मसात कराने के उद्देश्य से विभिन्न सत्र आयोजित किए गए.**

समापन सत्र को संबोधित करते हुए केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि कार्यकर्ताओं को अपने व्यक्तित्व विकास पर विशेष ध्यान देना चाहिए. उन्होंने कहा कि किसी भी पदाधिकारी का व्यवहार एवं अध्ययन समाज में पार्टी का चेहरा होता है. भाजपा कार्यकर्ताओं को समृद्ध एवं विकसित राष्ट्र निर्माण तथा जनता के कल्याण के लिए राजनीतिक कौशल विकसित करने का संकल्प लेना चाहिए.उन्होंने कहा कि भाजपा की मूल विचारधारा एकात्म मानववाद है, जो भारतीय संस्कृति पर आधारित है. कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक उनके मार्गदर्शन का अनुसरण करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की.

### संगठन, बूथ प्रबंधन और कार्य विस्तार पर हुए सत्र

क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल ने कार्यकर्ताओं की संगठन, विचारधारा एवं बूथ प्रबंधन से संबंधित जिज्ञासाओं का समाधान किया. खादी ग्रामोद्योग अध्यक्ष पंकज जोशी ने पार्टी की कार्य पद्धति पर विस्तार से जानकारी दी.

योग आयोग के अध्यक्ष डॉ. राघवेंद्र शर्मा ने व्यवहारिक सत्र को संबोधित किया, जबकि प्रदेश कार्यसमिति सदस्य भारत राजपूत ने कार्य विस्तार के विषय में जानकारी दी. प्रदेश मंत्री राजो मालवीय ने कार्यकर्ता विकास पर अपने विचार रखे.वर्ग संयोजक बलबीर रघुवंशी ने कार्यक्रम का संचालन किया. भाजपा जिला अध्यक्ष महाराज सिंह दांगी ने जिला प्रशिक्षण वर्ग के सफल आयोजन पर सभी कार्यकर्ताओं को शुभकामनाएं दीं.जिला मीडिया प्रभारी डॉ. राहुल जैन ने 12 सत्रों वाले इस प्रशिक्षण वर्ग को कार्यकर्ता निर्माण की आधारशिला बताया.कार्यक्रम में जिला प्रभारी सीताराम यादव, जिला प्रशिक्षण प्रभारी रघुनाथ भाटी, विधायक मुकेश टंडन, हरि सिंह रघुवंशी, उमाकांत शर्मा, सूर्य प्रकाश मीणा, हरी सप्रे, श्याम सुंदर शर्मा, डॉ. राकेश जादौन, श्रीमती गीता रघुवंशी, तोरण सिंह दांगी सहित प्रदेश एवं जिला पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष, महामंत्री एवं अपेक्षित कार्यकर्ता उपस्थित रहे.

## जीवन दीप कैंसर राहत कोष की शुरुआत

**नवभारत न्यूज**
**गंजबासौदा,** दस दिवसीय योग शिविर के समापन पर जहां योग ने लोगों को स्वस्थ जीवन और मानसिक शांति का संदेश दिया, वहीं सेवा भाव ने मानवता की संवेदना को भी नई दिशा दी. शिविर के दौरान साधकों ने योग के माध्यम से तन और मन को संतुलित करने की अनुभूति की, तो कैंसर जागरूकता एवं जीवन दीप कैंसर राहत कोष की शुरुआत ने समाजसेवा का प्रेरक संदेश दिया.योग, सेवा और आत्मीयता के संगम के साथ शिविर का सुखद समापन हुआ.स्थानीय मानस भवन में स्वयं स्वस्थ बनो अभियान समिति एवं रक्त सेवा समिति के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित हुए दस दिवसीय साधना योग शिविर केवल स्वास्थ्य और साधना तक सीमित नहीं रहा, बल्कि समाजसेवा का संदेश भी देकर गया, इस योग शिविर ने साधकों को केवल योगासन ही नहीं, बल्कि संतुलित, सकारात्मक और अनुशासित जीवन जीने का संदेश भी दिया.

# 342 पुलिसकर्मी ने 720 ठिकानों पर दी दबिश

**नवभारत न्यूज**
**विदिशा. जिले में कानून व्यवस्था को और अधिक मजबूत एवं अपराधमुक्त वातावरण सुनिश्चित करने के उद्देश्य से विदिशा पुलिस द्वारा 23-24 मई 2026 की मध्यरात्रि में व्यापक, रणनीतिक एवं सघन मेगा नाइट कॉम्बिंग ऑपरेशन चलाया गया. इस विशेष अभियान के दौरान जिलेभर में अपराधियों, वारंटियों, हिस्ट्रीशीटरों एवं अवैध गतिविधियों में संलिप्त लोगों के विरुद्ध एक साथ कार्रवाई की गई.**

यह अभियान पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देशानुसार पुलिस महानिदेशक के निर्देशन, पुलिस महानिरीक्षक भोपाल (देहात) जोन संजय तिवारी एवं उप पुलिस महानिरीक्षक (देहात) रेंज भोपाल राजेश सिंह चंदेल के मार्गदर्शन में संचालित किया गया.अभियान का नेतृत्व पुलिस अधीक्षक ने किया, जबकि अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. प्रशांत चौबे के पर्यवेक्षण में जिले के सभी थाना क्षेत्रों में एक साथ कार्रवाई की गई.ऑपरेशन में जिलेभर के कुल 342 पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी शामिल रहे. अभियान के दौरान 5 एसडीओपी एवं 23 थाना प्रभारी स्वयं मैदान में मौजूद रहकर टीमों का नेतृत्व करते रहे. पुलिस टीमों द्वारा जिलेभर में कुल 720 स्थानों पर दबिश देकर अपराधियों पर निगरानी रखी गई.

### 297 वारंट तामील, हिस्ट्रीशीटरों पर निगरानी

कॉम्बिंग ऑपरेशन के दौरान लंबित वारंटों के निष्पादन में उल्लेखनीय सफलता मिली. पुलिस ने 29 स्थायी वारंट, 102 गिरफ्तारी वारंट तथा 166 जमानती वारंट तामील किए. इस प्रकार कुल 297 वारंटों का सफल निष्पादन किया गया.इसके अलावा 201 गुंडा एवं बदमाशों के ठिकानों पर रेड कार्रवाई की गई. 158 हिस्ट्रीशीटरों की चेकिंग एवं निगरानी की गई, जबकि 11 जिला बदर व्यक्तियों की भी जांच की गई. पुलिस द्वारा 36 होटल-ढाबों एवं 17 डेरों की सघन चेकिंग भी की गई.अवैध शराब के निर्माण, परिवहन एवं विक्रय के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए पुलिस ने 30 प्रकरण दर्ज कर 30 आरोपियों को गिरफ्तार किया. इस दौरान 115 लीटर अवैध शराब जप्त की गई, जिसकी अनुमानित कीमत 59,210 रुपये बताई गई है.वहीं जुआ एवं सट्टा गतिविधियों पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने 2 प्रकरण दर्ज कर 11 आरोपियों को गिरफ्तार किया. कार्रवाई के दौरान 26,100 रुपये नकद, 7 मोबाइल फोन एवं एक एक्टिवा स्कूटी जप्त की गई. कुल मिलाकर लगभग 1,56,530 रुपये मूल्य का मशरूका एवं सट्टा सामग्री बरामद की गई.

## आयोजित हुआ एक दिवसीय फिंगरप्रिंट प्रशिक्षण शिविर

**नवभारत न्यूज**
**विदिशा.** पुलिस अधीक्षकके निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. प्रशांत चौबे के मार्गदर्शन एवं जिला फिंगरप्रिंट विशेषज्ञ निरीक्षक योगेंद्र साहू की उपस्थिति में रविवार को पुलिस कंट्रोल रूम विदिशा में एक दिवसीय अंगुल चिन्ह (फिंगरप्रिंट) प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया.प्रशिक्षण शिविर में जिले के समस्त न्यायालय एवं तहसील न्यायालयों में पदस्थ कोर्ट मोहर्रिर, थाना स्तर पर फिंगरप्रिंट कार्य देख रहे कोलेटर आरक्षक तथा विवेचना अधिकारी शामिल हुए. कार्यशाला का उद्देश्य विवेचना कार्य को वैज्ञानिक एवं तकनीकी रूप से अधिक प्रभावी बनाना रहा.कार्यशाला में उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को भारत सरकार की महत्वाकांक्षी परियोजना (नेशनल ऑटोमेटेड फिंगरप्रिंट आइडेंटिफिकेशन सिस्टम) एवं एमसीयू (मेजरमेंट कलेक्शन यूनिट) तकनीक की जानकारी दी गई.



## 9वें मल्टीपल कन्वेंशन में मिला 'बेस्ट मल्टीपल अवॉर्ड डिस्ट्रिक्ट चेयरपर्सन विजन' सम्मान

**नवभारत न्यूज**
**विदिशा, लायंस क्लब इंटरनेशनल के 9वें मल्टिपल कन्वेंशन का भव्य आयोजन संगीत कला ऑडिटोरियम इंदौर में किया गया. इस गरिमामय समारोह में आनंदपुर सदगुरु के चार्टर प्रेसिडेंट रवि उपाध्याय को बेस्ट मल्टिपल अवॉर्ड डिस्ट्रिक्ट चेयरपर्सन विज़न सम्मान से सम्मानित किया गया.**

यह सम्मान मल्टिपल काउंसिल चेयरमेन मनीष शाह द्वारा प्रदान किया गया. समारोह में नवनिर्वाचित लायंस इंटरनेशनल डायरेक्टर कुलभूषण मित्तल एवं डिस्ट्रिक्ट गवर्नर सहित कई पदाधिकारी उपस्थित रहे.मल्टिपल कन्वेंशन में मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ एवं राजस्थान से आए लायंस इंटरनेशनल क्लब्स के करीब 4000 डेलीगेट्स शामिल हुए. इसी दौरान रवि उपाध्याय को उनके उत्कृष्ट कार्यों और संगठन में सक्रिय योगदान के लिए सम्मानित किया गया.सम्मान मिलने पर उपस्थित सदस्यों एवं पदाधिकारियों ने रवि उपाध्याय को बधाई देते हुए उनके सामाजिक एवं संगठनात्मक कार्यों की सराहना की.

**क्रिकेट** | **सचिन वाल्मीकि बने मैन ऑफ द सीरीज, चमचमाती ई-स्कूटर मिली इनाम में**

# फाइनल में सागर को हराकर बीना बनी सिटीज प्रीमियर लीग की चैंपियन



**नवभारत न्यूज**
**विदिशा. स्थानीय जैन कॉलेज ग्राउंड पर मन्नत फाउंडेशन और नगर पालिका विदिशा के विशेष सहयोग से दूधिया रोशनी में खेली जा रही सिटीज प्रीमियर लीग का देर रात रोमांचक समापन हो गया. फाइनल मुकाबले में रॉयल टाइटन बीना ने विकास सुपर किंग्स सागर को 11 रनों से हराकर खिताब अपने नाम किया.**

फाइनल मुकाबले में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी बीना टीम की शुरुआत बेहद खराब रही. एक समय टीम ने 6 ओवर में महज 40 रन बनाए थे, लेकिन अंतिम दो ओवरों में नितिन और सचिन वाल्मीकि ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते हुए 54 रन जोड़ दिए. इसके दम पर बीना ने निर्धारित 8 ओवरों में 95 रनों का चुनौतीपूर्ण लक्ष्य खड़ा किया.

लक्ष्य का पीछा करने उतरी विकास सुपर किंग्स सागर की शुरुआत भी लड़खड़ा गई. हालांकि मध्यक्रम के बल्लेबाजों ने टीम को मुकाबले में बनाए रखा और मैच रोमांचक मोड़ पर पहुंच गया. आखिरी दो गेंदों पर सागर को जीत के लिए 13 रन चाहिए थे, लेकिन टीम लक्ष्य हासिल नहीं कर सकी और मुकाबला 11 रनों से हार गई.बीना के ऑलराउंडर सचिन वाल्मीकि ने शानदार प्रदर्शन करते हुए घातक गेंदबाजी में 4 विकेट झटके और टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई.

समापन समारोह में भाजपा खेल प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक मानसिंह यादव, जीव जंतु कल्याण बोर्ड के सदस्य राम रघुवंशी, समाजसेवी राधिका शरण दास, संरक्षक आशीष भदौरिया, पार्षद प्रतिनिधि जमना कुशवाह और आकाश यादव उपस्थित रहे.अतिथियों द्वारा विजेता बीना टीम को 1,21,111 रुपए की नकद राशि एवं शील्ड प्रदान की गई, जबकि उपविजेता सागर टीम को 61,111 रुपए नकद एवं शील्ड देकर सम्मानित किया गया.शानदार ऑलराउंड प्रदर्शन के लिए सचिन वाल्मीकि को फाइनल में मैन ऑफ द मैच के साथ-साथ टूर्नामेंट का बेस्ट बॉलर और मैन ऑफ द सीरीज चुना गया. पार्षद प्रतिनिधि जमुना कुशवाहा की ओर से उन्हें एक चमचमाती ई-स्कूटर और राधिका शरण दास की ओर से कूलर भेंट किया गया.इसके अलावा बीना के नितिन को बेस्ट बल्लेबाज का अवॉर्ड प्रदान किया गया तथा उन्हें भी राधिका शरण दास की ओर से कूलर उपहार स्वरूप दिया गया.

### एक खिलाड़ी, एक व्यापारी मुहिम का जिक्र

मुख्य अतिथि मानसिंह यादव ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि भाजपा द्वारा एक खिलाड़ी, एक व्यापारी मुहिम चलाई जा रही है, जिससे खिलाड़ियों के अभ्यास और खेल गतिविधियों को आर्थिक सहयोग मिलेगा.इस अवसर पर पूर्व पार्षद अनिल यादव, आयोजक कपिल वलेचा, फराज सैयद, पंकज भार्गव, रविकांत नामदेव, सैय्यद साजिब, विजय सिंह राणा सहित बड़ी संख्या में खेलप्रेमी देर रात तक मौजूद रहे.

## अधिकारियों ने मकान सूचीकरण और आंकड़ा संकलन कार्य का लिया जायजा

**नवभारत न्यूज**
**विदिशा. जनगणना-2027 के अंतर्गत जिले में संचालित जनगणना कार्यों की गुणवत्ता एवं प्रगति सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिला कार्यालय से जनगणना पर्यवेक्षक दीक्षा केसरवानी एवं तहसीलदार श्रीमती प्रेमलता पाल द्वारा ग्राम वर्धा में जनगणना कार्य का औचक निरीक्षण किया गया.**

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने जनगणना कर्मचारियों द्वारा किए जा रहे मकान सूचीकरण एवं परिवार संबंधी आंकड़ों के संकलन कार्य का अवलोकन किया. इस दौरान निर्धारित प्रपत्रों के अनुसार जानकारी दर्ज किए जाने, रिकॉर्ड संधारण तथा कार्य की प्रगति की समीक्षा की गई.जनगणना पर्यवेक्षक दीक्षा केसरवानी ने कर्मचारियों को निर्देशित किया कि सभी जानकारी सही एवं तथ्यात्मक रूप से दर्ज की जाए, ताकि शासन को सटीक आंकड़े प्राप्त हो सकें.वहीं तहसीलदार श्रीमती प्रेमलता पाल ने जनगणना कार्य में पारदर्शिता एवं समयबद्धता बनाए रखने पर जोर देते हुए कर्मचारियों को जिम्मेदारीपूर्वक कार्य करने के निर्देश दिए.


Required the Application for the following Post
(I.I.H.R.D. COLLEGE VIDISHA)

College Code - 519

Aahar-Vihar Parishar, Near Pole Factory,
Ahmadpur Road, Vidisha -464001 (M.P.) India
Ph : 07592-447394, Mobile-9131002286
E-Mail : iihrd_07@rediffmail.com ,www.iihrdvidisha.co.in
(Affiliated to Barkatullah University Bhopal)

Applications are invited for the appointment on Principal Post under college Code 28 of the Barkatullah University.

| Post | Subject | No. of Post |
|---|---|---|
| Principal | - | 01 |

Qualification as per U.G.C. Guidelines & Salary as per UGC Norms. The Application with complete details/Biodata should reach by the **20-06-2026** by post or Email at the institute.